**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,**
**लखनऊ-226010**

संख्या- 46 /08/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/08-परीक्षा/2024

लखनऊः दिनांक 26 जून, 2024

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2024, अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/08 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन अवर अभियंता (सिविल)/ सहायक विकास अधिकारी (अवर अभियंता, सिविल) के कुल रिक्त 4612 पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

प्रश्नगत विज्ञापन के सम्बन्ध में मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित विशेष अनुज्ञा याचिका सं0-12843/2024 में दिनांक 07-06-2024 को मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोग के विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2024, अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/08 के अंतर्गत B.E./ B.Tech (Civil) डिग्री धारक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने की अनुमति प्रदान करने का अंतरिम आदेश पारित किया गया है, जिसका कार्यकारी अंश निम्नवत है-

"5. As the last date for submission of applications is stated to be 07.06.2024, there shall be an interim direction to respondent No.1 to accept the applications submitted by the petitioners and any other B.E/B.Tech (Civil) degree holders who aspire for direct recruitment to the post of Junior Engineer, without prejudice. They shall be permitted to participate in the selection process, pending further orders."

मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित उक्त आदेश के अनुपालन के क्रम में आयोग द्वारा B.E./ B.Tech (Civil) डिग्री धारक अभ्यर्थियों को एन0आई0सी की तकनीकी सहायता से विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2024, अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/08 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गयी है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रश्नगत विज्ञापन में उल्लिखित निर्देशों का पालन करते हुए तथा B.E./ B.Tech (Civil) डिग्री धारक अभ्यर्थियों हेतु वेब पोर्टल पर उपलब्ध कराये गये विकल्प का चयन करते हुए आवेदन सबमिट कर सकते हैं। B.E./ B.Tech (Civil) डिग्री धारक अभ्यर्थियों को पदों की वरीयता सम्बन्धी विकल्प अभिलेख परीक्षण के समय प्रस्तुत करना होगा, जिसके सम्बन्ध में तत्समय सूचित किया जाएगा।

मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के क्रम में आवेदन करने वाले सम्बन्धित अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत विज्ञापन हेतु उनका अभ्यर्थन मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित होने वाले अंतिम निर्णय के अधीन होगा।

**उक्त विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2024, अवर अभियंता (सिविल) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/08 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन / शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 13-07-2024 तथा शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की तिथि 20-07-2024 तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है।**

उक्त विज्ञापन इस सीमा तक संशोधित समझा जाए। विज्ञापन के अन्य समस्त नियम/शर्तें वही रहेंगी, जो विज्ञापन संख्या-08-परीक्षा/2024 में उल्लिखित हैं।

26/06/2024

सचिव,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।